नवभारत

# स्वाभिमान का आधार स्वामित्व : नबीन

1 प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर इंदौर से सेवा-संकल्प अभियान शुरू

2 50 लाख संपत्तियों की मुफ्त रजिस्ट्री का शुभारंभ



नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मध्य प्रदेश में सेवा-संकल्प अभियान की शुरुआत इंदौर से हुई.**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की मौजूदगी में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 के तहत 50 लाख निजी संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री के अभियान का शुभारंभ किया गया. राज्य सरकार के अनुसार, इसके लिए करीब 4000 करोड़ रुपये का वित्तीय भार सरकार उठाएगी. इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मध्य प्रदेश सरकार ने स्वामित्व योजना के रूप में ग्रामीण परिवारों को महत्वपूर्ण उपहार दिया है. देवी अहिल्याबाई होलकर की नगरी इंदौर से इस अभियान की शुरुआत होना इसे और विशेष बनाता है. उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने सुशासन, धर्म-संस्कृति और जनसेवा की मजबूत नींव रखी थी तथा महिलाओं को संपत्ति का अधिकार और कानूनी सुरक्षा देने की पहल की थी. उसी परंपरा से प्रेरणा लेकर ग्रामीण परिवारों को संपत्ति का अधिकार दिलाने का काम किया जा रहा है.

नवीन ने कहा कि स्वामित्व की रजिस्ट्री महज कागज का दस्तावेज नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के स्वाभिमान और कानूनी अधिकार का आधार है. वर्षों से गांवों में ऐसे परिवार रहे हैं, जिनके पास घर तो था, लेकिन उसका वैधानिक दस्तावेज नहीं था. प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामित्व योजना के माध्यम से इस समस्या के समाधान की पहल की, जिसका परिणाम अब मध्य प्रदेश में दिखाई दे रहा है. प्रदेश में करीब 68 लाख अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं और इनमें लगभग 50 लाख निजी मकानों से संबंधित हैं. इन संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री की प्रक्रिया अब शुरू की जा रही है.

**निशुल्क रजिस्ट्री का अभियान : सीएम यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना से ग्रामीण आबादी को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार मिलेगा. प्रदेश के 23 हजार से अधिक गांवों में एक माह तक अभिलेखों की निशुल्क रजिस्ट्री का अभियान चलाया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर देशभर में सेवा-संकल्प अभियान शुरू हुआ है.

# रक्तदान के साथ शुरू हुई जनसेवा

## पीड़ित मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम : डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 17 सितंबर . सेवा संकल्प अभियान के तहत रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया.**

इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने भी रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह पीड़ित मानवता की सेवा का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. दुर्घटनाओं में घायल लोगों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के उपचार में रक्त की आवश्यकता होती है. ऐसे में स्वस्थ और पात्र नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए.

उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति चिकित्सकीय जांच के बाद रक्तदान कर सकते हैं. नियमित रक्तदान के लिए रक्त केंद्र की सलाह और निर्धारित अंतराल का पालन करना जरूरी है. उन्होंने स्वयं रक्तदान करने के अनुभव को आत्मिक संतुष्टि देने वाला बताते हुए नागरिकों से इस सेवा कार्य में सहभागी बनने की अपील की. शिविर में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, वीरेंद्र गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान किया.

# भागवत ने स्वयंसेवकों से किया संवाद



नवभारत न्यूज़

**उज्जैन, 17 सितंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत उज्जैन पहुंचें. उज्जैन प्रवास के दौरान वे संघ के स्वयंसेवकों के साथ संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए और उनका मार्गदर्शन किया.**

डॉ. मोहन भागवत देवासगेट क्षेत्र के सरदारपुरा स्थित संघ कार्यालय 'आराधना भवन' में ठहरे हैं. उनके प्रवास को लेकर संघ कार्यकर्ताओं की ओर से आवश्यक तैयारियां की गई .

**महाकाल परिसर में बैठक**

गुरुवार शाम 5.45 बजे डॉ. भागवत अरविंद नगर स्थित महाकाल परिसर में स्वयंसेवकों की विशेष बैठक में शामिल हुए. इस कार्यक्रम में जिलेभर से करीब 600 स्वयंसेवकों के शामिल होने की जानकारी है. बैठक के दौरान डॉ. भागवत ने करीब डेढ़ घंटे तक स्वयंसेवकों को संबोधित किया.

निर्धारित कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया है.

# सड़क के लिए ग्रामीणों ने उठाए फावड़े



**बरगी बांध विस्थापितों ने श्रमदान से शुरू किया 2 किमी रास्ते का निर्माण**

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 17 सितंबर.** बरगी बांध परियोजना के लिए करीब 40 साल पहले घर-बार छोड़ने वाले दुर्गानगर के ग्रामीण अब अपनी सड़क खुद बना रहे हैं. सरकारी योजनाओं और लगातार आवेदनों के बावजूद सड़क निर्माण नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने गैंती, फावड़ा और तसले उठाकर श्रमदान शुरू कर दिया है. गांव के 100 से अधिक महिला, पुरुष, बच्चे और दिव्यांग मिलकर करीब 2 किलोमीटर लंबे रास्ते को चलने लायक बना रहे हैं.

जबलपुर से करीब 55 किलोमीटर दूर शहपुरा जनपद के दुर्गानगर में करीब 1500 की आबादी निवास करती है. ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में गांव की मुख्य सड़क पूरी तरह कीचड़ में बदल जाती है. इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और रोजमर्रा के कामों के लिए आने-जाने वालों को भारी परेशानी होती है.

ग्रामीणों के अनुसार खराब सड़क के कारण कई बार एंबुलेंस और 108 वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते. प्रसव के समय गर्भवती महिलाओं को दूसरे गांव ले जाना पड़ता है. बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है, क्योंकि बारिश में रास्ता खराब होने से कई दिनों तक उनका स्कूल जाना बंद हो जाता है.

# गवर्नर के पद पर संवैधानिक रिक्तता नहीं बनती : हाईकोर्ट

▸ जनहित याचिका की खारिज

**जबलपुर. 17 सितंबर. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद नए राज्यपाल की नियुक्ति की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी.**

न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की युगलपीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 156 (3) के तहत राज्यपाल कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी तब तक पद पर बने रहते हैं, जब तक उनका उत्तराधिकारी पदभार ग्रहण नहीं कर लेता. इसलिए राज्यपाल के पद पर संवैधानिक रिक्तता की स्थिति नहीं बनती. गौरतलब है कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि, जबलपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. एमए खान की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि वर्तमान राज्यपाल का पांच वर्ष का कार्यकाल 7 जुलाई 2026 को समाप्त हो चुका है. इसलिए नए राज्यपाल की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए.

## एक नजर में

**पैसों के विवाद पर हुई फायरिंग, दो युवक घायल**

**ग्वालियर.** हजीरा थाना क्षेत्र के आरामिल इलाके में बुधवार रात पैसों के लेन-देन के विवाद में फायरिंग हो गई. काले रंग की बोलेरो से आए तीन युवकों ने गोली चला दी, जिसमें दो युवक घायल हो गए. एक युवक के पेट में गोली लगने से उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. जबकि दूसरे के पैर में गोली लगी है. पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.पुलिस के अनुसार कांच मिल निवासी धीरज तोमर, अजय तोमर और लल्ला गुर्जर का अन्नू तोमर और सादिक खान से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था. बुधवार रात तीनों आरोपी आरामिल क्षेत्र पहुंचे थे. यहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और अचानक गोलियां चलने लगीं.

## गुस्ताखी माफ




# रीवा में डॉक्टर बर्खास्त, ड्रग इंस्पेक्टर सस्पेंड

▸ जांच के बाद सरकार ने उठाया कदम

▸ मरीजों के उपचार में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 सितंबर . रीवा में मरीजों के उपचार में लापरवाही और स्वास्थ्य सेवाओं में सामने आई अनियमितताओं के मामलों में सरकार ने सख्त कार्रवाई की है.**

श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सोनल अग्रवाल की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं. डॉ. सोनल अग्रवाल के खिलाफ मरीजों को निजी नर्सिंग होम में उपचार कराने के लिए बाध्य करने संबंधी शिकायत मिली थी. जांच प्रतिवेदन और डॉ. अग्रवाल के स्पष्टीकरण के परीक्षण के बाद उनकी सेवाएं 16 सितंबर से समाप्त कर दी गईं. वहीं कल्पना मिश्रा की प्रसव के दौरान हुई मृत्यु के मामले में गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर औषधि निरीक्षक राधेश्याम बट्टी पर कार्रवाई की गई. उन्हें गंभीर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता के आरोपों में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है.

**अथर्व ब्लड सेंटर पर दर्ज होगा आपराधिक प्रकरण**

जांच में अथर्व ब्लड सेंटर, रीवा में पाई गई अनियमितताओं को लेकर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. संबंधित औषधि निरीक्षक के माध्यम से ब्लड सेंटर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश जारी किए गए हैं. स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और मरीजों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में सरकार ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का रुख स्पष्ट किया है.

# 'छात्रों की गूंज' पर आईडीए ने ली 4 लाख अतिरिक्त फीस

▸ मैदान की तैयारी के लिए जमा करवाई राशि

▸ शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने उठाए सवाल



नवभारत न्यूज

**इंदौर. राहुल गांधी के 19 सितंबर को प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर** इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने कार्यक्रम की तैयारियों के नाम पर 4 लाख रुपए अतिरिक्त जमा करने को कहा, जिसे पार्टी ने गुरुवार को जमा कर दिया. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के मुताबिक, मैदान के लिए आवेदन के समय शुरुआत में करीब 2 लाख रुपए शुल्क बताया गया था. बाद में यह राशि बढ़ाकर 14 लाख 8 हजार रुपए तक कर दी गई. 15 सितंबर को अनुमति दी और अब तैयारियों के लिए फीस की गणना 14 सितंबर से की गई.

## आरक्षक पर रेप पीड़िता को जहर देने का आरोप

**इंदौर.** जीआरपी थाने में पदस्थ आरक्षक रितेश शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म पीड़िता को जहर देकर जान से मारने की कोशिश के आरोप में एफआईआर दर्ज की है. आरोपी आरक्षक फरार बताया जा रहा है. पीड़िता का आरोप है कि समझौते के बहाने उसे जीआरपी एसपी कार्यालय परिसर में बुलाया गया और पानी में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गया. गुना निवासी 28 वर्षीय महिला ने इससे पहले रितेश शर्मा के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था. आरोपी ने अग्रिम जमानत मिलने के बाद वाट्सऐप के जरिए संपर्क कर समझौते का दबाव बनाया.

**विश्व बांस दिवस** ▸ कोंपल में छिपी पोषण की ताकत, कुपोषण के खिलाफ डिंडोरी में शोध से नई पहल

# बांस से टोकरी नहीं, बिस्किट-नूडल्स भी बनेंगे

राजेश विश्वकर्मा

**डिंडोरी, 17 सितंबर. विश्व बांस दिवस पर मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले से बांस के उपयोग की नई कहानी सामने आई है. सदियों से टोकरी, घर और पारंपरिक सामान बनाने में इस्तेमाल होने वाला बांस अब रसोई तक पहुंच रहा है.**



डिंडोरी के बजाग क्षेत्र में बांस की कोंपल (करिल) से बिस्किट, नमकीन और इंस्टेंट नूडल्स जैसे खाद्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं. शोधकर्ता डॉ. विकास जैन ने बांस कोंपल को 'नॉवल फूड' के रूप में विकसित करने की दिशा में काम किया है. डॉ. जैन का शोध 'बैम्बू शूट्स फॉर फोर्टिफिकेशन एंड नॉवल फूड प्रोडक्ट डेवलपमेंट' अब चर्चा में है. उन्होंने डिंडोरी, मंडला, बालाघाट और शहडोल के जंगलों में मिलने वाली खाने योग्य बांस प्रजाति डेंड्रोकैलमस हैमिल्टोनाई की कोंपल पर अध्ययन किया. आदिवासी समाज जिस करिल का उपयोग वर्षों से सब्जी के रूप में करता आया है, उसी को पाउडर और पेस्ट के रूप में खाद्य उत्पादों में शामिल किया गया.

**बांस कोंपल को तीन चरणों में किया तैयार**

डॉ. जैन ने बांस कोंपल को कच्चे पेस्ट, 20 मिनट उबालने और 24 घंटे पानी में भिगोने की प्रक्रिया से तैयार किया. इससे इसकी प्राकृतिक कड़वाहट और सायनाइड तत्व कम हो गए. इसके बाद इससे बांस शूट फोर्टिफाइड बिस्किट, क्रिस्पी नमकीन और इंस्टेंट नूडल्स तैयार किए गए. **प्रोटीन और फाइबर से भरपूर** : शोध के अनुसार बांस की कोंपल में करीब 34 प्रतिशत प्रोटीन और 34 प्रतिशत फाइबर पाया गया है. इसमें विटामिन-सी और आठ प्रकार के आवश्यक अमीनो एसिड भी मौजूद हैं.





This Ganesh Chaturthi, welcome new beginnings with a Kia by your side. Enjoy exclusive festive benefits across the Kia range and make every journey ahead one of confidence, joy and prosperity. Visit your nearest Kia dealership to know more.

| Model | Sonetˇ | Syros^ | Carens Clavis | Carens Clavis EV |
|---|---|---|---|---|
| Total benefits | ₹80 000 | ₹1 10 000 | ₹1 50 000 | ₹1 20 000 |

*Benefits available on other Kia cars as per applicability.

For more information, visit our dealership or contact:

1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & condition apply. ^The benefit Includes 3 years standard warranty and 2 years free extended warranty. ˇThe benefit is only applicable on Sonet petrol variant. Benefits shown are the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits, which are applicable on select stock, which may vary from model to model and region to region. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/ scheme/ service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

**SNR Kia:** J. K. Road, Bhopal, Tel: 9171151313; Kohefiza, Tel: 9171151313, Sehore, Tel: 9171151313 **Somya Kia:** Hoshangabad Road, Tel: 9111809777; Chunabhatti, Tel: 9109105269; Vidisha, Tel: 9111809444 **Royal Kia:** Guna, Tel: 9893926555